भारत सरकार

रेल मंत्रालय

रेलवे भर्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

सीईएन 08/2025 (आइसोलेटेड कोटियाँ)

आइसोलेटेड कोटियों के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के संभावित कार्यक्रम के संबंध में सूचना

1. संभावित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:

क्र. सं.	सीईएन स	पद	परीक्षा की तिथि
1	सीईएन 08/2025	आइसोलेटेड कोटियाँ (कंप्यूटर आधारित परीक्षा)	14 एवं 15 जुलाई 2026

2. परीक्षा शहर एवं परीक्षा तिथि देखने तथा एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकरण (Travel Authority) डाउनलोड करने का लिंक परीक्षा तिथि से 10 दिन पूर्व सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों तथा **https://rrb.indianrailways.gov.in** वेबसाइट पर सक्रिय (Live) कर दिया जाएगा।
3. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा-शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरू होगी।
4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केंद्र में किया जाएगा। अभ्यर्थी को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि यदि उन्होंने पहले से आधार सत्यापन नहीं किया है, तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित करें, ताकि परीक्षा केंद्र में सुगम प्रवेश सुनिश्चित हो सके।
5. सभी अभ्यर्थियों से, जिनमें वे अभ्यर्थी भी शामिल हैं जिन्होंने आवेदन जमा करने के दौरान अपने आधार का सत्यापन कराया है, अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार UIDAI प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकि परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके तथा पंजीकरण और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा हो।
6. आधार कार्ड में सही नाम, जन्म तिथि (कक्षा 10वीं के प्रमाण पत्र के अनुसार), नवीनतम फोटो, पता और पिता का नाम दर्ज होना चाहिए।
7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पर नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।
8. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। आरआरबी में चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होती है और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर होती है।

दिनांक: 29.06.2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड